वन स्टेट वन ग्लोबल ट्यूरिज्म डेस्टिनेशन को लेकर राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस शुरू

उदयपुर, (कासं)। झीलों और प्राकृतिक सौंदर्य से ओतप्रोत अनुपम एवं रमणीय पर्यटन नगरी उदयपुर में भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय पर्यटन कॉन्फ्रेंस का मंगलवार को केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत, पंजाब के राज्यपाल और चण्डीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया,राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी सहित केंद्र शासित प्रदेशों के उप राज्यपाल तथा विभिन्न राज्यों के पर्यटन मंत्रियों की उपस्थिति में होटल मेरिएट में शुभारम्भ हुआ।

कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सत्र में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत ने कहा कि उदयपुर एक मनमोहक डेस्टिनेशन तो है ही इसके साथ ही उदयपुर भारत देश की एक महान ऐतिहासिक धरोहर है। उन्होंने कहा कि पहले पर्यटन को लेकर अपेक्षित प्रयास नहीं होते थे,लेकिन अब देश के विभिन्न राज्यों में पर्यटन विकास के लिए स्वस्थ स्पर्धा सी है,जो वैश्विक पर्यटन की अपेक्षाओं को पूरा करने के लक्ष्य की प्राप्ति की शुरूआत कही जा सकती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप नवाचार के रूप में प्रत्येक राज्य में कम से कम एक ग्लोबल पर्यटन डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि भारत कोविड के बाद पर्यटन क्षेत्र को दोबारा खड़ा करने के लिए बढ़ावा देने वाले अग्रणी देशों में शामिल है। वर्ष 2024 में भारत में 2 करोड़ विदेशी पर्यटक आए वहीं देशी पर्यटकों का मुवमेंट भी बहुत तेजी से बढ़ा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वैश्विक पर्यटन सूचकांक डब्ल्यूटीआई में भारत 39वें नंबर है। डब्ल्यूटीआई के पैरामीटर्स में 18.20 प्रतिशत केंद्र सरकार के स्तर के हैं, शेष राज्यों पर आधारित हैं। ऐसे में राज्यों को विशेष गंभीरता से काम करना होगा। उन्होंने कहा कि भारत का लक्ष्य डबूयूटीओ में टॉप टेन देशों में जगह बनाना है। साथ ही जीडीपी में पर्यटन के योगदान को भी 5.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए ग्लोबल ट्यूरिज्म डेस्टिनेशन विकसित करने होंगे ताकि विदेशी पर्यटकों की अपेक्षाओं को पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में भारतीय पर्यटकों का विदेशों की ओर रूख भी बढ़ा है। इसलिए पर्यटन के क्षेत्र में समग्र कार्य करते हुए देशी पर्यटकों को भी पहले अपना देश घूमें.फिर विदेश घूमें की अवधारणा की ओर मोड़ने की

■ **सभी राज्यों के पर्यटन मंत्रियों ने दिए प्रजेंटेशन**

भी जरूरत है।

प्रारंभ में पर्यटन मंत्रालय की सचिव वी विद्यावती ने सभी आंगुतकों का स्वागत करते हुए कहा कि भारत में ग्लोबल डेस्टिनेशन के सभी तत्व मिलते हैं फिर भी यहां पर्यटन की अपेक्षित ग्रोथ के लिए कमियों की पहचान कर उन्हें दूर करने के लिए कार्य करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार गत दिनों हुई बैठक में देश में 50 नए ग्लोबल ट्यूरिज्म डेस्टिनेशन विकसित करने को लेकर सभी राज्यों से प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया था। इसी क्रम में आयोजित यह कॉन्फ्रेंस देश के पर्यटन विकास की नई रूपरेखा तैयार करने में महत्वपूर्ण कड़ी सिद्ध होगी।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कॉन्फ्रेंस के लिए राजस्थान को चुनने पर केंद्रीय पर्यटन मंत्री शेखावत का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी आंगतुकों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हमारे यहां हर किला महल अपनी कहानी कहता है, राजस्थान का गौरवपूर्ण इतिहास,विविध रंगों से परिपूर्ण विरासत, कला एवं संस्कृति समूचे विश्व में अपनी अनूठी पहचान रखते हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान पर्यटन की दृष्टि से पूरी दुनिया में एक आइकोनिक डेस्टिनेशन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्लोबल डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने का विजन दिया है और इस और नियमित मार्गदर्शन कर रहें हैं। दीया कुमारी ने कहा कि राजस्थान को दुनिया में लीडिंग टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है।

पंजाब के राज्यपाल और चण्डीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि मेवाड़ पर पुरखों और प्रकृति का आशीर्वाद है। यहां का अपना गौरव पूर्ण इतिहास है। स्वाधीनता और स्वतंत्रता के लिए इस क्षेत्र ने संघर्ष किया है। प्रकृति ने यहां झीलें और हरे.भरे पहाड़ दिए। धार्मिक दृष्टि से भी यह क्षेत्र काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कॉन्फ्रेंस में भाग लेने आए सभी पर्यटन मंत्रियों, अधिकारियों से उदयपुर और उसके आसपास के डेस्टिनेशन का भ्रमण करने का आग्रह किया। साथ ही पर्यटन विकास की संभावनाओं पर सुझाव भी आमंत्रित किए।

राष्ट्रीय पर्यटन कॉन्फ्रेंस के पहले दिन विभिन्न सत्रों में राजस्थान पर्यटन सहित विभिन्न राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों ने अपने प्रस्तुतिकरण दिए। इसमें उन्होंने अपने.अपने क्षेत्र में ग्लोबल ट्यूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में प्रस्तावित किए गए स्थलों की संपूर्ण जानकारी, उनकी कनेक्टिविटी, प्रस्तावित विकास कार्य, अपेक्षित परिणाम आदि के संबंध में पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुति दी।

इसी क्रम में राजस्थान की ओर से राजस्थान पर्यटन सचिव राजेश यादव एवं पर्यटन आयुक्त रुक्मणि रियाड़ ने शौर्य, संस्कृति और आध्यात्म की त्रिवेणी के रूप में क्रमशः महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट उदयपुर,जैसलमेर और पुष्कर तीन स्थानों को ग्लोबल डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के लिए प्रस्तुतिकरण दिया। इसके अलावा जम्मु कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चण्डीगढ़, हरियाणा, उत्तराखण्ड, उत्तरप्रदेश, एनसीटी दिल्ली, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडू, केरल, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, गुजरात व महाराष्ट्र आदि राज्यों ने भी प्रजेंटेशन दिए। पर्यटन मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव एवं महानिदेशक पर्यटन सुमन बिल्ला ने आभार व्यक्त किया।

दो गिरफ्तार

डूंगरपुर, (निसं)। कुआं थाना पुलिस ने चिखली में एक किराना दुकान में हुई चोरी का खुलासा किया है।

पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनसे पूछताछ जारी है। कुआं थानाधिकारी ने बताया कि चिखली निवासी रमनलाल ने 12 अक्टूबर को रिपोर्ट के अनुसार, 11 अक्टूबर की रात को दुकान बंद कर घर जाने के बादए अगले दिन सुबह 12 अक्टूबर को जब वह दुकान पहुंचे, तो सामान बिखरा हुआ मिला। दुकान से एक एलईडी टीवी, 18 हजार रुपए नकद और चांदी के सिक्के गायब थे। चोरों ने दुकान के पीछे लगी जाली तोडकर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने नयागांव निवासी राहुल पारगी और सुरेश पारगी को हिरासत में लिया।

शराब जब्त

डूंगरपुर, (निसं)। जिले की धम्बोला थाना पुलिस ने अवैध शराब के विरूद्ध बडी कार्यवाही करते हुए सरथुना बॉर्डर पर प्लास्टिक कैरेट की आड में एक ट्रक से करीब 12 लाख रुपए की अवैध शराब परिवहन कर ले 352 कार्टन जब्त कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। धम्बोला थानाधिकारी ने बताया कि अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्यवाही के तहत मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने सरथुना बॉर्डर पर नाकेबंदी की। इस दौरान एक ट्रक को रोककर उसकी तलाशी ली गई।

इंट्रा जोनल माइन रेस्क्यू प्रतियोगिता का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। वेदांता समूह की कंपनी और भारत की सबसे बड़ी व एकमात्र एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड द्वारा रामपुरा अगुचा खदान में इंट्रा जोनल माइन रेस्क्यू प्रतियोगिता2025का आयोजन किया। यह आयोजन खान सुरक्षा महानिदेशालय उत्तर पश्चिमी क्षेत्र के तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें भारत की सर्वश्रेष्ठ खदान बचाव टीम कौशल, टीम वर्क और आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमताओं का परीक्षण करने के लिए शामिल हुई।

रामपुरा अगुचा रेस्क्यू रूम प्रशिक्षणकेंद्र में आयोजित उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डीजीएमएस उदयपुर के उत्तर पश्चिमी क्षेत्र के खान सुरक्षा निदेशक विनोद रजक उपस्थित थे, विशिष्ट अतिथि के. रविंदर,डॉ. आई. सत्यनारायण एवं टॉम मैथ्यूज सहित डीजीएमएस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। हिन्दुस्तान ज़िंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं पूर्णकालिक निदेशक अरुण मिश्रा ने इस आयोजन के बारे में कहा कि,हिन्दुस्तान ज़िंक में,सुरक्षा सिर्फ एक नियम-पालन नहीं है। यह एक गहरी जड़ें जमाई हुई संस्कृति है जो हमारे हर काम को संचालित करती है। इंट्रा जोनल माइन रेस्क्यू प्रतियोगिता खदान के कार्य में तैयारी, टीम वर्क व ऑपरेशनल उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हर प्रतिभागी द्वारा दिखाए गए साहस, अनुशासन और तकनीकी सटीकता को देखना प्रेरणादायक है, खासतौर पर हमारी महिला बचाव टीमों का शानदार प्रदर्शन। वे एक ऐसे उद्योग में संभावनाओं को लगातार फिर से परिभाषित कर रही हैं जिसमें पारंपरिक रूप से पुरुषों का प्रभुत्व रहा है। ऐसी पहल न केवल हमारी सुरक्षा प्रणालियों को मजबूत करती हैं बल्कि हमारे कार्यबल में गर्व और उद्देश्य की भावना का संचार करती हैं।

दूसरे दिन एग्जीक्यूटिव क्लब,जिंक कॉलोनी, रामपुरा अगुचा में आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आर.टी. मांडेकर, खान सुरक्षा उप महानिदेशक, डीजीएमएस, उत्तर पश्चिमी क्षेत्र,उपस्थित थे। ज़िंक के सीओओ किशोर कुमार एस.,रामपुरा आगुचा के आईबीयू सीईओ राममुरारी, वरिष्ठ डीजीएमएस अधिकारी विनोद रजक, डीएमएस (खनन) ,एनडब्ल्यूजेड, के. रविंदर, डीएमएस (खनन) अजमेर - 2, डॉ. आई. सत्यनारायण डीएमएस (खनन) अजमेर -1, उपस्थित थे।

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)

Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ./भूमि/2025/12607 दिनांक: 4.10.2025

- : आपत्ति सूचना :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रमेश चन्द जैन पिता श्री भंवरलाल जैन निवासी तहसील रोड, नाथद्वारा, तहसील-नाथद्वारा, जिला राजसमन्द द्वारा तहसील रोड, नाथद्वारा में स्थित भूखण्ड क्षेत्रफल 450 वर्गफिट का नगरपालिका नाथद्वारा जरिये पत्रावली संख्या-भूमि विक्रय-51/78-79 दिनांक 04.02.1981 को उक्त भूखण्ड का विक्रय किया एवं पालिका पत्रांक 3123 दिनांक 22.10.2014 से भूखण्ड संख्या-01 क्षेत्रफल 1800 वर्गफिट का जारी एकीकरण प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत कर आवेदक द्वारा कुल भूखण्ड क्षेत्रफल 1800 वर्गफिट का आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन चाहा गया है।

उक्त भूखण्ड के पड़ौस पूर्व-20 फिट चौड़ा रोड़, पश्चिम-गली 08 फिट चौड़ी, उत्तर- 20 फिट चौड़ा रोड़, दक्षिण- नगरपालिका की भूमि है। उक्त भूखण्ड का आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में मय आपत्ति दस्तावेज पालिका कार्यालय में प्रस्तुत करे बाद मियाद किसी प्रकार की आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही की जावेगी।

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

अफीम सप्लाई मामले में दो और गिरफ्तार

बांसवाड़ा, (निसं)। मानगढ़ तिराहे पर नाकेबंदी के दौरान आनंदपुरी थाना पुलिस द्वारा 2.093 किग्रा. अफीम जप्त करने के मामले में पुलिस ने सप्लाई करने वाले दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी कपिल पाटीदार ने बताया कि मुखबीरी साक्ष्यों से पता चला कि दोनों आरोपी को अफीम देने वाले दो अन्य आरोपी अफीम देकर लौट गये है। जिस पर पुलिस टीम ने सजगता व तकनीकी साक्ष्यों का संकलन करते हुए दो अन्य आरोपियों को भी तत्काल डिटेन कर पूछताछ की। आरोपी जीवन सिंह व ष्याम सिंह ने बताया कि उन्होंने ही गणपत व नारायण को उक्त अफीम गुजरात में बेचने के लिये दी थी। पुलिस ने मामले में जीवन सिंह सिसोदिया निवासी जातला थाना रठांजना जिला प्रतापगढ़ तथा श्याम सिंह उर्फ बंटु निवासी चौसला पुलिस थाना भावगढ़ जिला मंदसौर हाल नाकोड़ा नगर प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया।

ढाबा संचालक धरा

बांसवाड़ा, (निसं)। घाटोल थाना पुलिस ने अवैध शराब व बीयर बेचते हुए ढाबा संचालक को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी निर्भय सिंह ने बताया कि मुख्यालय एवं जिला पुलिस के उच्चाधिकारियों के निर्देषन में यह कार्यवाही की गयी। पुलिस अधीक्षक से प्राप्त निर्देशानुसार होटल ढाबा चैकिंग की जा रही थी। इस दौरान थाना क्षेत्र के उदयपुर रोड़ मोरड़ी में ढाबे को चैक किया तो वहां अवैध रूप से विक्रय के लिये भंडारण किये गये 45 क्वाटर विस्की, 37 बीयर व 11 क्वाअर प्रिंस देशी मदिरा के पाये गये। जिस पर संचालक अजय सिंह राव निवासी डेयाना थाना गढ़ी से पूछताछ की गयी।

के.के. गुप्ता ने पीएम, गृहमंत्री व मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

उदयपुर, (कासं)। स्वच्छ भारत मिशन शहरी अंतर्गत नगर परिषद डूंगरपुर सहित नगर निकाय बांसवाड़ा झुंझुनू , मंडावा और नवलगढ़ में अपनी कार्यशैली और दूरदर्शिता के दम पर निकायों को स्वच्छता सर्वेक्षण में अलग पहचान दिलाने वाले तथा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत राजस्थान सरकार द्वारा मनोनीत स्टेट कोऑर्डिनेटर केके गुप्ता ने झूठे शपथ पत्र और गलत जानकारी देने वाले कार्मिकों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही करने का आग्रह करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखा।

उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन जोकि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक बहुत बड़ा विजन है, इसको लेकर अपनी वेदना व्यक्त की है कि किस प्रकार अधिकारी इस अभियान को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं तथा इस अभियान को विफल करने में लगे हुए हैं, जिसका हर्जाना आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। गुप्ता ने प्रधानमंत्री गृहमंत्री एवं मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में स्वच्छता को धरातल पर उतारने के लिए सख्त लहजे में कार्यवाही किए जाने की जरूरत तथा झूठा शपथ पत्र और गलत

■ **स्वच्छ भारत मिशन को गंभीरता से नहीं लेने का हर्जाना आम जनता को भुगतना पड़ रहा है : गुप्ता**

सूचनाएं देने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही किए जाने के आदेश जारी करने का आग्रह किया गया है।

पत्र में बताया कि स्वच्छता को लेकर सरकार भारी विकास की राशि खर्च कर रही है साथ ही प्रधानमंत्री देश को समृद्ध एवं मजबूत बनाने तथा आजादी के 100 वर्ष 2047 में विश्व गुरू बनाने की बात तब ही संभव होगी जब भारत स्वच्छ बनेगा अनकों बार कह चुके हैं। मेरे द्वारा माननीय प्रधानमन्त्री, गृह मंत्री, मुख्य मंत्री से पत्राचार के माध्यम से बताया गया था आज कुछ शहर एवं गांव गन्दगी के अड्डे बन गये है जगह-जगह सडकों पर प्लास्टिक एवं गन्दगी फैली होने के साथ-साथ गाये एवं जानवर उस गन्दगी एवं प्लास्टिक को खा रहे हैं तथा जानवर मर रहे है, फैल रही गन्दगी से कीडे-मकोडे पनप रहे है तथा बिमारियां फैला रहे है आज हम देख रहे आयुष्मान बीमा योजना में करीब 2500 करोड़ रूपया ईलाज पर सालाना खर्च हो रहा है तथा यह खर्चा ज्यादातर मात्र गन्दगी से फैलने वाली बिमारियों से हो रही है जो कि जानलेवा भी है अगर स्वच्छता को आयुष्मान बीमा योजना से जोडा जाता है तो यह स्थिती सरकार की नजरों में स्पष्ट हो जायेगी। यहाँ यह भी आवश्यक है जब डूंगरपुर शहर स्वच्छता में देश में अव्वल आ सकता है बाकि शहर क्यों नहीं आ सकते है। आज हम स्वच्छता को केवल कागजों में ज्यादा तथा वास्तविकता में कम देख रहे शहरी एवं ग्रामीण सार्वजनिक टॉयलैटों की स्थिति बडी दयनीय है, बगीचों में घास एवं बच्चों के झूलने के साधनों को टूटा फूटा होना व चारों तरफ गन्दगी तथा घटिया क्वालिटी की देशी घास लगी हुई है तथा ईसानों से ज्यादा बगीचों में कुत्ते देखने मिलते हैं, सीवरेज लाईनों का गन्दा पानी सडकों पर आना, जगह-जगह झाड-झन्कार होना, खाली प्लॉटो में गन्दगी होना आम बात हो गई है। वर्तमान में कचरा याडी की स्थिति विस्फोटक हो चुकी है एक तरफ सरकार प्रदूषण फैलाने वाली कम्पनियों से प्रदूर्षण मुक्त करवाने को लेकर बडे-बडे अभियान चला रही है।

महिला ने की आत्महत्या

उदयपुर, (कासं)। धानमंडी थाना क्षैत्र में विवाहिता ने विषाक्त वस्तु सेवन कर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार धामनण्डी थाना क्षैत्र आवड़ा चौक धोलीबावड़ी निवासी रूबीना बानों पत्नी मो. सलीम ने विषाक्त वस्तु सेवन कर आत्महत्या कर ली। रूबीना ने पारिवारकि परेशानी के चलते दिमागी हालत ठीक नहीं होने से विषाक्त वस्तु का सेवन कर लिया था। तबीयत खराब होने पर परिजनों ने उसे एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। धानमण्डी थानाधिकारी दयालाल, एएसआई कैलाश मय टीम ने पीहर महावतवाड़ी से परिजनों को बुलवा कर पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा।

ग्राम पंचायत घोड़ी की सरपंच सहित 7 निलंबित

उदयपुर, (कासं) । शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने उदयपुर जिले की पंचायत समिति ऋषभदेव की ग्राम पंचायत घोड़ी की सरपंच (प्रशासक) जसोदा मीणा सहित 7 कार्मिकों को पीएम आवास योजना में दिशा.निर्देशों की अवेहलना करने के मामले में दोषी पाए जाने पर निलंबित किया है। 7 कार्मिकों पर 16 सीसीए की कार्रवाई भी शुरू कर दी है। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने उदयपुर जिले की पंचायत समिति ऋषभदेव की ग्राम पंचायत घोड़ी की वर्तमान सरपंच (प्रशासक) जसोदा मीणा को प्रधानमंत्री आवास योजना के दिशा निर्देशों की पूर्णतया पालना नहीं करने पर तथा आवासो की राशि हस्तांतरित करने में गंभीर अनियमितताएं किए जाने का दोषी पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किए जाने के आदेश दिए हैं। साथ ही ग्राम विकास अधिकारी अजीत डामोर,रोजगार सहायक रमेश चंद्र डामोर,कनिष्ठ सहायक सुरेंद्र कुमार मीणा,सहायक विकास अधिकारी कैलाश जया तथा तत्कालीन विकास अधिकारी पंचायत समिति ऋषभदेव मूलाराम सोलंकी को दोषी मानते हुए उक्त सभी के खिलाफ 16 सीसीए की कार्रवाई करते हुए सभी को निलंबित किए जाने के आदेश दिए हैं।

कार्यालय ग्राम पंचायत कमोल पंचायत समिति सायरा जिला उदयपुर

क्रमांक: - 64 दिनांक :- 10.10.2025

-: ई निविदा सूचना- 01/2025-2026 :-

ग्राम पंचायत कमोल में अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाए दिनांक 16.10.2025 सांय 6.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारीsppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. 1. ZUD2526WSOB02218

सरपंच, ग्राम पंचायत कमोल, प.स. सायरा जि. उदयपुर (राज.)

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत कमोल, प.स. सायरा जि. उदयपुर (राज.)

करंट से युवक की मौत

उदयपुर, (कासं)। साईनिंग बोर्ड लगाते समय करंट लगने से झुलसने पर युवक की मौत हो गई।

उदयपुर शहर के हाथीपोल थाना क्षैत्र भट्टजी की बाडी अमेरिकन चिकित्सालय के समीप मंगलवार सवेरे साईनिंग बोर्ड लगाते समय करंट लगने से झुलसने पर रूपनगढ अजमेर हॉल गणेश घाटी निवासी पंकजसिंह पुत्र नन्दसिंह की मौत हो गई।

काम करते समय करंट से झुलसने पर पंकजसिंह पुत्र नन्दसिंह को उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के आने पर मृतक का बुधवार को पोस्टमार्टम होगा।

स्वतंत्रता सेनानी दम्पति की मूर्तियों का अनावरण

उदयपुर, (कासं)। स्वतंत्रता सेनानी दम्पति परशराम त्रिवेदी और शांता त्रिवेदी की मूर्ति का अनावरण मंगलवार को राजस्थान महिला परिषद उदयपुर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया थे। अध्यक्षता समाजवादी विचारक एवं पूर्व विधायक मोहन प्रकाश ने की।

अति विशिष्ट अतिथि निवृति कुमारी मेवाड़, विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद रघुवीर सिंह मीणा, शहर विधायक ताराचंद जैन, चावंड आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी हितेश्वरानंद सरस्वती, राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड विश्वविद्यालय उदयपुर के कुलगुरु प्रो. एस. एस. सारंगदेवोत ने मंत्रोच्चार के बीच विधिविधान से मूर्तियों का अनावरण किया। इससे पूर्व हीरक जयंती द्वार का उद्घाटन एवं शांता त्रिवेदी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

समारोह में राजस्थान महिला परिषद, उदयपुर की अध्यक्ष चंद्रकांता त्रिवेदी, परिषद के निदेशक, पूर्व राज्यमंत्री जगदीश राज श्रीमाली, सचिव दिव्या जौहरी, कोषाध्यक्ष अक्षिता त्रिवेदी, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रवीन्द्र श्रीमाली सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस दौरान जगदीश राज श्रीमाली का नागरिक अभिनंदन किया गया। समारोह में लेखक- कवि शंकरलाल शर्मा की पुस्तक कीर्ति काव्य संठाह का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ प्रशासक गुलाबचन्द कटारिया ने परशरामजी के साथ बिताये अपने पलों के संस्मरण सुनाते हुए कहा कि उन जैसी विभूति मेवाड़ में पैदा होना गर्व की बात है। शांताजी त्रिवेदी ने आजादी के उस दौर 1947 में मेवाड़ में महिला शिक्षा की अलख जगाई जब महिलाएं घूंघट में रहती थी। उन्होंने महिलाओं को घूंघट के बाहर निकाल शिक्षा के मार्ग पर अठोसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर राज्यपाल ने संस्था के वर्तमान संचालकों को भी धन्यवाद दिया कि उन्होंने विषम परिस्थितियों में भी संस्था को जीवित रखा है।

कार्यालय ग्राम पंचायत ढूण्ढी पंचायत समिति सायरा जिला उदयपुर

क्रमांक: - 60 दिनांक :- 10.10.2025

-: ई निविदा सूचना- 01/2025-2026 :-

ग्राम पंचायत ढूण्ढी में अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाए दिनांक 16.10.2025 सांय 6.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारीsppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. 1. ZUD2526WSOB02216

2. ZUD2526WSOB2217

सरपंच, ग्राम पंचायत ढूण्ढी, प.स. सायरा जि. उदयपुर (राज.)

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत ढूण्ढी, प.स. सायरा जि. उदयपुर (राज.)

उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांकः उविप्रा/हुडको शाखा/2025/743 **आम सूचना** दिनांकः- 8/10/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदनकर्त्ता द्वारा अपने फ्लैट का वारिसान के आधार पर अपने नाम पर नामान्तरण जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है:-

क्र. सं.	क्वाटर संख्या	क्षेत्रफल वर्गफीट /वर्ग मी.	योजना का नाम	आवेदक का नाम/पिता/पति का नाम	वारिसान/विक्रेता का नाम
1.	Flat No.- E50-SF-11 Online Mut/ 3175	325 वगफीट	मेगा आवास योजना बेड़वास	श्रीमती रेखा वैष्णव पत्नी स्व. श्री बंशीदास वैष्णव, गरिमा वैष्णव एवं नक्ष वैष्णव जरिये संरक्षिका माता श्रीमती रेखा वैष्णव	मूल आवंटी श्री बंशीदास वैष्णव की मृत्यु दिनांक 12.10.2020 हो जाने से एवं उनके द्वारा उक्त योजना अंतर्गत आवास आवंटन हेतु भरे गये आवेदन क्रमांक 10167 में अपनी मृत्यु की स्थिति में उत्तराधिकारी मनोनित किये जाने से मृत्यु प्रमाण-पत्र, शपथ-पत्र, आधार कार्ड इत्यादि प्रस्तुत कर नामांतरण चाहा गया है।

अतः उपरोक्तानुसार उक्त क्वाटर का वारिसान के आधार पर नामान्तरण पत्र जारी करने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/फर्म को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/एत्तराज हो तो अपनी आपत्ति मय आधारो सहित सार्वजनिक सूचना पत्र के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि मे इस कार्यालय में संबधित शाखा के अन्दर इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सबंधित शाखा प्रभारी को प्रस्तुत करावें। अन्यथा बाद गुजरने मयाद आवदेक के नाम पर उक्त फ्लैट का नामान्तरण-पत्र जारी कर दिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी, हुडको शाखा, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

विद्यालय व आंगनवाड़ी केंद्र में चोरी की वारदात

कपासन, (निसं)। कपासन के भूपालखेड़ा स्थित राजकीय संस्कृत विद्यालय और आंगनवाड़ी केंद्र में बीती रात चोरी हो गई। अज्ञात बदमाश ताले तोड़कर एक कंप्यूटर की एलईडी, सीसीटीवी का डीवीआर, तीन गैस सिलेंडर और अक्षय पात्र से लगभग 15 हजार रुपये नकद चुरा ले गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। विद्यालय और आंगनवाड़ी केंद्र का परिसर एक साथ है। बदमाशों ने स्कूल की छुट्टियों का फायदा उठाकर इस वारदात को अंजाम दिया। आज सुबह करीब 11 बजे जब कुछ बच्चे विद्यालय के मैदान में खेलने गए, तो उन्होंने प्रधानाध्यापक के कमरे के ताले टूटे हुए देखे।

लेकसिटी में पर्यटन को नई उड़ान: दूधतलाई पर जिप लाइन शुरू

उदयपुर, (कासं)। झीलों की नगरी उदयपुर में पर्यटन को नई दिशा और ऊँचाई प्रदान करने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख पर्यटन स्थल दूधतलाई पर जिप लाइन संचालन मंगलवार से प्रारंभ किया है।यह परियोजना न केवल उदयपुर के पर्यटन परिदृश्य में रोमांचक गतिविधियों का नया अध्याय जोड़ेगी, बल्कि नगर निगम के लिए भी राजस्व का एक स्थायी एवं सुदृढ़ स्रोत बनेगी।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने बताया कि निगम द्वारा तैयार अत्याधुनिक जिप लाइन का उद्घाटन मंगलवार को पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया, सांसद मन्ना लाल रावत,शहर विधायक ताराचंद जैन,ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा आदि द्वारा किया गया। इस अवसर पर शहर के विभिन्न समाजो के गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।उद्घाटन अवसर पर अतिथियों का स्वागत करते हुए निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने कहा कि इस स्थान पर जिप लाइन के निर्माण का मुख्य उद्देश्य शहरवासियों के साथ शहर में आने वाले देशी.विदेशी पर्यटकों को झीलों, पहाड़ियों और हरियाली के बीच एक सुरक्षित,साहसिक और रोमांचक का अनुभव प्रदान करना है। दूधतलाई उदयपुर का ऐतिहासिक और पर्यटन दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जो पहले से ही म्यूजिकल फाउंटेन, वॉटर स्पोर्ट्स,बोटिंग और गार्डन जैसी सुविधाओं के लिए जाना जाता है। अब यहां स्थापित की गई यह जिप लाइन इस स्थान को रोमांचक पर्यटन गतिविधियों के प्रमुख केंद्र के रूप में पहचान दिलाएगी।

आयुक्त के अनुसार जिप लाइन का कार्य थ्रिल जॉन एडवेंचर द्वारा किया गया है जिसको इन कार्यों का कई समय से संचालित करने का अनुभव है। निगम आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिप लाइन संचालक द्वारा प्रति व्यक्ति 400 रूपये से अधिक दर वसूल नहीं की जा सकेगी। जिप लाइन की कुल लंबाई 630 मीटर है। दीनदयाल पार्क से माणिक्यलाल वर्मा पार्क तक 350 मीटर है वहीं माणिक्यलाल वर्मा पार्क से दीनदयाल पार्क ;निचला स्थान तक 280 मीटर की दूरी है। जिप लाइन की वजन क्षमता 20 किलोग्राम से 120 किलोग्राम तक की है। इसमें आयु सीमा 7 वर्ष से 70 वर्ष तक की तय की गई है। जिप लाइन के निर्माण की कुल लागत 67लाख 90 हजार 825 रूपये है। दूध तलाई पर जिप लाइन उद्घाटन अवसर पर पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने निगम के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि राजस्थान में उदयपुर नगर निगम हर कार्य में अभी तक बेहतर सिद्ध हुआ है। यहां की सफाई व्यव